# कलेक्टर ने निर्माणाधीन आलू-प्याज मण्डी का किया निरीक्षण

## सुश्री ऋजु बाफना ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज शाजापुर तहसील के ग्राम लाहौरी बल्डे पर निर्माणाधीन आलू-प्याज मण्डी परिसर का भ्रमण कर निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिए कि किसान हित को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण कराये, ताकि आगामी सीजन में किसानों को नई मंडी का लाभ मिल सके।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने टीन शेड निर्माण, सड़क मार्ग, विद्युत की समुचित व्यवस्था, कार्यालय भवन, प्रवेश द्वार, केंटीन, शौचालय, पेयजल एवं पार्किंग स्थल की व्यवस्था का निरीक्षण कर उक्त सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री बाफना ने संबंधित निर्माण ऐजेंसी को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के माध्यम से किये गये कार्यों की गुणवत्ता की जाँच कराएं।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने मण्डी सचिव को मण्डी व्यापारियों की बैठक लेकर बैंक शाखा स्थापित करने की कार्यवाही करने एवं मण्डी में अन्य आवश्यकताओं के संबंध में सुझाव लेने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मण्डी परिसर में सोर्टिंग/ग्रेडिंग स्थापित कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने मण्डी सचिव को मण्डी परिसर में पौधारोपण कराने, तौल कांटा लगवाने, पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की नियुक्ति कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश भी दिये।

इस अवसर पर उपसंचालक कृषि आरएल जामरे, मंडी सचिव मोहनसिंह मालवीय, अशोक जोशी, महाप्रबंधक उद्योग प्रकाश कुमार इन्दौरे भी उपस्थित थे।

## खास-खबरें

### जिला जेल में एसडीईआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन और जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** सीहोर जिला जेल में एसडीईआरएफ की टीम द्वारा जेल स्टॉफ एवं बंदियों को आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य तथा जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में सुरक्षित बचाव, राहत कार्य और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीपीआर सहित प्राथमिक जीवन रक्षक उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। एसडीईआरएफ के प्रशिक्षकों ने आपदा अथवा किसी आकस्मिक घटना के दौरान धैर्य बनाए रखते हुए त्वरित एवं प्रभावी ढंग से बचाव कार्य करने के तरीकों से जेल स्टॉफ एवं बंदियों को अवगत कराया। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मैदान में उतरी नगर परिषद, स्वच्छता और विकास की हकीकत परखी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद की टीम ने बुधवार को विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने पार्षदों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और कर्मचारियों के साथ वार्ड क्रमांक 14 सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण कर सफाई, पेयजल आपूर्ति और निर्माण कार्यों की स्थिति देखी। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि भैरूंदा विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। नगर परिषद और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से नगर ने पूर्व में स्वच्छता सर्वेक्षण में जोन स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया था। अब इससे बेहतर प्रदर्शन कर स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाने का लक्ष्य है।

### रामचरितमानस ने भक्ति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस के रूप में समस्त रामभक्तों को ऐसा अनुपम ग्रंथ प्रदान किया, जिसके माध्यम से भगवान श्रीराम की भक्ति, आदर्श और जीवन मूल्यों का प्रचार-प्रसार युगों-युगों तक होता रहेगा। रामचरितमानस ने न केवल भक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया, बल्कि हिंदी साहित्य को भी समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त विचार संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बुधवार शाम सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में आयोजित दो दिवसीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को केंद्र के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य लोगों ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ भेंट किए। कार्यक्रम में वृद्धजनों ने भजन-कीर्तन एवं धार्मिक चर्चा में भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान श्रीरामचरितमानस है।

### पीथमपुर में अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक

**पीथमपुर।** अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से धार जिले के पीथमपुर में दायित्ववान पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक मालवा प्रांत उपाध्यक्ष मनीष चौबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में मनीष चौबे ने पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित नगर भ्रमण करने और होटलों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने के लिए अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने पीथमपुर क्षेत्र के कुछ होटलों में कथित रूप से चल रही गतिविधियों और क्षेत्र से गुजरने वाले गौवंश से संबंधित वाहनों को लेकर चिंता जताई। इन विषयों पर विस्तृत चर्चा के साथ आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया।

## कांवड़ यात्रा या सियासत की राह? आस्था के बीच उठे राजनीतिक सवाल

**भैरूंदा।** श्रावण मास शुरू होते ही क्षेत्र भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूब जाता है। मां नर्मदा के तटों से जल लेकर श्रद्धालु कई किलोमीटर पैदल चलकर शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। वर्षों से चली आ रही कांवड़ यात्रा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और परंपरा का हिस्सा रही है। इस बार प्रस्तावित यात्रा को लेकर धार्मिक आयोजन के साथ राजनीतिक चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। 24 अगस्त को शाहगंज और 25 अगस्त को भैरूंदा में कांवड़ यात्रा प्रस्तावित है। मंगलवार को रामाधीश पैलेस में आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्री के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान ने तैयारियों की समीक्षा की। जानकारी के अनुसार वे स्वयं नर्मदा से कांवड़ लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। बताया जाता है कि करीब दो वर्ष पहले भी कार्तिकेय सिंह चौहान के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा निकाली गई थी। तब इसे धार्मिक परंपरा के रूप में आगे बढ़ाने की चर्चा थी, लेकिन अगले वर्ष यात्रा आयोजित नहीं हुई। अब दोबारा आयोजन की तैयारियों से इसकी निरंतरता और उद्देश्य को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। कांवड़ यात्रा मूल रूप से धार्मिक आयोजन है।

## जिला अस्पताल में महिला आरक्षक से मारपीट : पति-पत्नी ने घेरकर पीटा

### भीड़ में लाइन को लेकर हुआ विवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला अस्पताल परिसर में बुधवार दोपहर एक महिला आरक्षक के साथ पति-पत्नी ने मारपीट कर दी। महिला आरक्षक को अस्पताल के अंदर ही घेरकर पीटा गया। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है।

**विवाद के बाद हाथापाई की:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ थी। इसी दौरान आरोपी पति-पत्नी ने कोतवाली थाने में पदस्थ महिला आरक्षक से विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ने उसके साथ हाथापाई और मारपीट की। घटना में महिला आरक्षक घायल हो गईं। मारपीट के बाद महिला आरक्षक को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना की पूरी जानकारी सामने आ सके। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। कार्रवाई जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर की जाएगी। घटना के पीछे की वजह भी पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगी।

## तुलसी जयंती पर जगन्नाथ धाम में गूंजा रामनाम, हुआ रामार्चन महायज्ञ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर जगन्नाथपुरी के छोटा छत्ता मठ में बुधवार को श्रीरामार्चन महायज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और रामनाम के बीच हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और श्रीहनुमान सहित राम परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। अनुष्ठान के दौरान मठ का वातावरण राममय हो गया।

नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने आचार्यत्व करते हुए रामार्चन महायज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में रामार्चन को भगवान श्रीराम की उपासना की प्राचीन पद्धति माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार विधि-विधान से किए गए रामार्चन का उद्देश्य धर्म, मर्यादा और आध्यात्मिक कल्याण के साथ पारिवारिक सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना है। अनुष्ठान में वृंदावन से आए संत पुरुषोत्तम दास भक्तमाली यजमान तथा भुवनेश्वर के डॉ. आशुतोष एवं मनोरमा ने यजमान के रूप में सहभागिता की। इसी अवसर पर नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास के सानिध्य में पं. आचार्य केशव शास्त्री द्वारा कराई जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भी समापन हुआ। अंतिम दिवस श्रद्धालुओं ने भगवान की लीलाओं, भक्ति और भागवत के जीवनोपयोगी संदेशों का श्रवण किया।

तुलसीदास जयंती पर आयोजित रामार्चन का विशेष आध्यात्मिक महत्व रहा। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। ऐसे में जगन्नाथपुरी की पावन भूमि पर राम परिवार के पूजन ने श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की।

## खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**उज्जैन।** शहर में बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। महादेव बाटी भंडार, देवास गेट बस स्टैंड से तुअर दाल एवं बाटी के नमूने, सपना स्वीट्स रेलवे स्टेशन से मलाई बर्फी एवं काजू कतली तथा नेमा कुल्फी फालूदा शॉप नंबर-2, मिडवे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, महाकाल लोक से फालूदा सेवई एवं केसर पिस्ता कुल्फी के नमूने लिए गए। नेमा कुल्फी फालूदा शॉप के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर फर्म को नोटिस जारी कर तत्काल प्रभाव से खाद्य पंजीयन निलंबित कर दिया गया। साथ ही मौके पर खाद्य व्यवसाय बंद करवाया गया। सभी लिए गए नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं।

## शास्त्रीय संगीत गोष्ठी में सौम्या ने बाँधा समाँ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** सुविख्यात संगीतकार-गायक सुदिन श्रीवास्तव के निवास पर आत्मीय शास्त्रीय संगीत गोष्ठी का आयोजन हुआ। संगीत संध्या में गायन और तबला वादन की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्टार प्लस के 'दिल है हिंदुस्तानी' कार्यक्रम की विजेता गायिका सौम्या शर्मा के गायन से हुआ।

पं. नीलेश तिवारी के हारमोनियम की संगति में सौम्या ने राग यमन प्रस्तुत किया। उन्होंने विलंबित एकताल में 'करिये, करिये कृपा मोपे, मोरे श्याम मुरारी' से राग विस्तार किया। स्वर-विस्तार, बहलाव, बोल-तान और द्रुत तानों के माध्यम से उन्होंने प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाया। पं. शशिकांत शर्मा की तबला संगति ने गायन को सशक्त लयात्मक आधार दिया। इसके बाद मध्यलय तीनताल में उस्ताद अमीर खां साहब की प्रसिद्ध बंदिश 'ऐसो सुंदर चतुरवा बालमवा' प्रस्तुत की गई। इसके बाद कुमारी अवनि भार्गव ने राग बिहाग से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उनकी मधुर आवाज और सहज स्वर-संचालन ने राग की सुंदरता को उभारा। उन्होंने विलंबित एकताल में 'हे जग जीवन थोरा' तथा पं. जसराज की बंदिश 'देखो मोरी रंग में भिगोये डारी' प्रस्तुत की। हारमोनियम पर पं. नीलेश तिवारी और तबले पर पं. शशिकांत शर्मा ने संगति दी।

गोष्ठी के अंतिम चरण में लवप्रताप पाल ने एकल तबला वादन किया। मनोज पाटीदार के शिष्य लवप्रताप ने फर्रुखाबाद, दिल्ली और बनारस घरानों की परंपराओं का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। पेशकार, कायदे, परन, चक्करदार और विभिन्न टुकड़ों के माध्यम से उन्होंने अपनी लयकारी का प्रभाव छोड़ा।

कार्यक्रम में आशुतोष व्यास, ब्रज श्रीवास्तव, पं. यशवंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। अदिति शर्मा ने प्रस्तुतियों पर संगीतपरक टिप्पणियां कीं। संचालन कंचन मालवीय और आरती अहिरवार ने किया। कान्हा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## पाराशरी किनारे बना वैकल्पिक मार्ग नागरिकों को जाम से मिलेगी राहत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नगर पालिका परिषद ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए वार्ड क्रमांक 9 में पाराशरी नदी किनारे वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कराया है। पलोड पेट्रोल पंप के पास पाराशरी पुलिया के आगे लगने वाले जाम से अब नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

त्योंदा रोड पर वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण पेट्रोल पंप के आसपास अक्सर लंबा जाम लग जाता था। इससे आम नागरिकों के साथ स्कूली बच्चों और मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका ने पाराशरी नदी के किनारे सीसी रोड और नालियों का निर्माण कराया है।

नया मार्ग त्योंदा रोड स्थित आईसर शोरूम वाली गली से होते हुए सीधे पचमा बाईपास मुख्य मार्ग से जुड़ता है। जाम की स्थिति में नागरिक इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर आसानी से आवागमन कर सकेंगे। इससे मुख्य मार्ग पर वाहनों का दबाव भी कम होने की उम्मीद है।

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बताया कि यह कार्य क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयास और मार्गदर्शन से संभव हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने मार्ग की स्वीकृति और निर्माण में सहयोग किया। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए पाराशरी किनारे बाईपास मार्ग विकसित करने की योजना बनाई गई थी।

स्थानीय नागरिकों ने मार्ग निर्माण का स्वागत करते हुए विधायक और नपा अध्यक्ष के प्रति आभार जताया। उनका कहना है कि नए मार्ग से नियमित यातायात के साथ आपात स्थिति में भी लोगों को वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध होगा।

## कांग्रेस ने समस्याओं को लेकर निकाली पदयात्रा

**सीहोर।** सीहोर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवजा और राहत दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने विशाल पदयात्रा निकाली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की।

पदयात्रा अहमदपुर से शुरू होकर वानखेड़ा और चरनाल होते हुए श्यामपुर की ओर निकली। रास्ते में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत किया और कांग्रेस नेताओं को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने मुआवजा और क्षतिग्रस्त सुविधाओं की मरम्मत की मांग रखी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अब तक उचित मुआवजा और न्याय नहीं मिला है।

## बाल गृह के बच्चों ने बनाई राखियाँ जिला न्यायालय में लगी प्रदर्शनी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** उच्च न्यायालय और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 'उल्लास-एक अभिनव प्रयोग' के तहत बुधवार को जिला न्यायालय रतलाम में राखी प्रदर्शनी एवं विक्रय कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीना आशापुरे ने किया।

एडीआर भवन में आयोजित प्रदर्शनी में बाल संप्रेक्षण गृह, देवप्रकाश संस्थान बाल गृह और निवेदिता बालिका गृह में निवासरत बच्चों द्वारा हाथों से तैयार की गई आकर्षक और कलात्मक राखियां बिक्री के लिए रखी गईं। प्रदर्शनी दोपहर 2:30 बजे तक चली।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रोजगारोन्मुखी अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। न्यायाधीशों, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और पैरालीगल वालंटियर्स ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया तथा उनकी बनाई राखियां खरीदीं।

प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार अन्य हस्तनिर्मित सामग्री की भी सराहना की गई।

## वन ग्राम पटीमानक चौक में कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** जिले के वन ग्राम पटीमानक चौक में वन ग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता और डीएफओ प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में हुई बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर रोजगार, पेयजल, बिजली, आवास सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने आगामी शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 के तहत शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई, बिजली, वन, राजस्व और पंचायत सहित सभी संबंधित विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने को कहा। शिविर में किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, कपिलधारा, खेत तालाब योजना सहित विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही वन मित्र पोर्टल पर लंबित दावों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपवनमंडल अधिकारी सामान्य रायसेन रजनीश शुक्ला, उपवनमंडल अधिकारी सिलवानी इंदर सिंह बारे सहित सभी परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस

**विदिशा।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गीता भदौरिया रहीं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद किया और बच्चों को राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## लकड़ी माफिया से वन अमले ने 48 हजार की सागौन जब्त की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** लाड़कुई क्षेत्र में वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने रातभर अभियान चलाकर करीब 48 हजार रुपये मूल्य की सागौन लकड़ी जब्त की। दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 37 नग सागौन चरपट बरामद हुईं। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है।

वनमंडल अधिकारी अर्चना पटेल के निर्देशन और उपवनमंडल अधिकारी आरके चौधरी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश चंद्र उईके ने विशेष रात्रि गश्ती दल गठित किया था। दल ने 19 अगस्त की रात मुखबिर की सूचना पर भिलाई-लाड़कुई मार्ग स्थित शासकीय कॉलेज के पास घेराबंदी की। यहां चार लोग सागौन की लकड़ी लेकर आते दिखाई दिए। वन अमले को देखकर वे लकड़ी फेंककर भागने लगे। टीम ने पीछा कर शनि पुत्र सुमित बारेला निवासी बीलाखेड़ा को पकड़ लिया। मौके से दो नग सागौन चरपट जब्त की गई, जिसकी कीमत 6,912 रुपये आंकी गई।

इसके बाद पूछताछ और सूचना के आधार पर लाड़कुई के बाड़ी मोहल्ला स्थित घरों पर दबिश दी गई। तलाशी में बल्लू विश्वकर्मा और ओमप्रकाश के घर व बाड़े से 35 नग सागौन चरपट बरामद हुईं। इनकी कीमत 41,296 रुपये बताई गई है।

दोनों कार्रवाई में कुल 37 नग सागौन लकड़ी (0.456 घन मीटर) जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 48,208 रुपये है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 और मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनिमय अधिनियम 1969 की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। नागरिकों से भी अवैध लकड़ी कटाई या परिवहन की सूचना वन विभाग को देने की अपील की गई है।